ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

2021

GENERAL HINDI

सामान्य हिन्दी

Time Allowed : 3 hours *Maximum Marks* : 100

समय : 3 घण्टे *पूर्णांक* : 100

प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित हैं

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 40

(क) पर्यावरण संरक्षण

(ख) कोरोना महामारी के साथ जीवन

(ग) बेरोजगारी

(घ) वर्तमान अर्थव्यवस्था

(ङ) साहित्य में यथार्थवाद

(च) राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद

(छ) भारत और उसके पड़ोसी देश

(ज) नर हो न निराश करो मन को

Scanned with CamScanner

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए : 10

(क) वाक्य की परिभाषा दीजिए।

(ख) वाक्य में 'योजक' से क्या तात्पर्य है?

(ग) वाक्य रचना में उद्देश्य किसे कहते हैं?

(घ) साधारण वाक्य को परिभाषित कीजिए।

(ङ) वाक्य में विधेय क्या है?

(च) हिन्दी वाक्य रचना का पद-क्रम क्या है?

(छ) कार्य-कारण वाक्य का उदाहरण दीजिए।

(ज) "गाँधीजी ने कहा था कि सदा सत्य बोलो"—इसमें प्रधान वाक्य कौन-सा है?

3. निर्देशानुसार दोनों खण्डों के प्रश्न हल कीजिए :

खण्ड—अ

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए : 1×5=5

(क) मेरे को क्या करना होगा।

(ख) सीता और गीता का घो सम्बन्ध है।

(ग) मेरी आयु 26 वर्ष है।

(घ) दही जमा दो।

(ङ) लड़कियाँ और लड़के खेल रही है।

(च) वह सबसे मधुरतम गाता है।

(छ) वह संभवतः निश्चित आयेगा।

(ज) तुम आ गए अरे!

खण्ड—ब

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों के प्रकार बताइए : 1×5=5

(क) वे अंदर आए और चुपचाप बैठ गए।

(ख) यह स्थान जन शून्य है।

(ग) आह बहुत दर्द है।

(घ) ईश्वर तुम्हारी सहायता करे।

(ङ) वह पढ़ाई करता तो पास हो जाता।

(च) तुम कब आओगे।

(छ) वह आता होगा।

(ज) हो चुकी उससे पढ़ाई।

Scanned with CamScanner

4. निर्देशानुसार दोनों खण्डों के प्रश्न हल कीजिए :

खण्ड—अ

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के लिए केवल एक शब्द लिखिए : 1×5=5

(क) गोद लिया हुआ पुत्र

(ख) जिसे जाना न जा सके

(ग) जो कभी बूढ़ा न हो

(घ) सूर्योदय के पूर्व का समय

(ङ) विदेश में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने वाला

(च) जिसका जन्म कीचड़ में हुआ हो

(छ) जो कम बोलता हो

(ज) जो अपने से उत्पन्न हुआ हो

खण्ड—ब

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : 1×5=5

(क) मनुष्य

(ख) सेवक

(ग) पुत्री

(घ) समुद्र

(ङ) प्रकाश

(च) मदिरा

(छ) सदा

(ज) हंस

5. निर्देशानुसार दोनों खण्डों के प्रश्न हल कीजिए :

खण्ड—अ

निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

(क) हिन्दी की कंठ्य ध्वनियाँ लिखिए।

(ख) हिन्दी के चार ह्रस्व स्वर बताइए।

(ग) देवनागरी में लिखी जाने वाली दो भारतीय भाषाओं के नाम बताइए।

(घ) संविधान के किस अनुच्छेद में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है?

Scanned with CamScanner

(ङ) यौगिक शब्द का उदाहरण दीजिए।

(च) ''लड़के खेलते हैं''—वाक्य में किस प्रकार की संज्ञा है?

(छ) 'यथा-शक्ति' शब्द में कौन-सा समास है?

(ज) 'सत्यमार्ग' शब्द का शुद्ध रूप लिखिए।

खण्ड—ब

निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पाँच के केवल अर्थ लिखिए : 1×5=5

(क) आँख से गिरना

(ख) गूँगे का गुड़

(ग) कंठ का हार

(घ) रंग दिखाना

(ङ) गूलर का फूल

(च) हवन करते हाथ जले

(छ) अंधेर नगरी चौपट राजा

(ज) आधा तीतर आधा बटेर

6. अर्थ के अनुसार वाक्यों के प्रकारों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 10

अथवा

हिन्दी में कारक कितने प्रकार के होते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

7. सर्वनाम किसे कहते हैं? इसके प्रकारों को उदाहरण देकर समझाइए। 10

अथवा

समास कितने प्रकार के होते हैं? वर्णन कीजिए।

★★★

Scanned with CamScanner